परीक्षा परिणाम | कलेक्टर रजनी सिंह ने छात्र-छात्राओं को दी बधाई और शुभकामनाएं

# 10 वीं 12 वीं का परीक्षा परिणाम में जिला प्रदेश में तीसरा, संभाग में प्रथम

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश के द्वारा संचालित हाई स्कूल/ हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। जिले में हाई स्कूल (कक्षा 10 वीं) का परीक्षा परिणाम 91.21 प्रतिशत और हायर सेकेंडरी स्कूल (कक्षा 12 वीं) का परीक्षा परिणाम 92.62 प्रतिशत रहा। कलेक्टर रजनी सिंह ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को इस सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं विद्यालय के प्राचार्यों की भी प्रशंसा की। कलेक्टर ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार कुशवाहा, डाइट प्राचार्य श्री राजीव किशोर श्रीवास्तव, बीईओ ब्रजेश शर्मा सहित संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद थे। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार कुशवाहा ने बताया कि जिले में सत्र




2026 में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 91.21 प्रतिशत है। जिले ने प्रदेश में तीसरा और संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हाई स्कूल परीक्षा में जिले के 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 92.62 प्रतिशत रहा। जिले ने 12 वो की परीक्षा में प्रदेश में तीसरा और संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही हायर सेकेंडरी परीक्षा में जिले के दो विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 वीं में 13087 दर्ज परीक्षार्थियों में से 13040 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। घोषित परीक्षा परिणाम में 9494 परीक्षार्थी उत्तीर्ण होकर प्रथम श्रेणी में शामिल हैं, जिसमें 4215 बालक व 5279 बालिकाएं शामिल हैं। इसी तरह 1472 बालक व 899 बालिका इस तरह कुल 2371 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी और 23 बालक व 6 बालिकाएं इस तरह कुल 29 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में शामिल हैं। इस तरह 88.44 प्रतिशत बालक और 93.92 प्रतिशत बालिकाओं सहित कुल 91.21 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। जिले के सरस्वती उ.मा.वि. गोटेगांव के छात्र गौरवपुरी गोस्वामी ने 494 अंक अर्जित कर छटवां, शासकीय हाई स्कूल काशीखैरी की छात्रा अंशिका लोधी ने 492 व शासकीय उ.मा.वि. सूखाखैरी के छात्र कृष्णा कौरव ने 492 अंक अर्जित कर आठवां, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा कु. शिल्पा पटेल ने 490।

### घोषित परीक्षा परिणाम

सर्वोदय उ.मा.वि. तेंदूखेड़ा की छात्रा प्रांजल सोनी ने 490 अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12 वीं में 11110 दर्ज परीक्षार्थियों में से 11092 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। घोषित परीक्षा परिणाम में 8267 परीक्षार्थी उत्तीर्ण होकर प्रथम श्रेणी में शामिल हैं, जिसमें 3430 बालक व 4837 बालिकाएं शामिल हैं। इसी तरह 1300 बालक व 688 बालिका इस तरह कुल 1988 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी और 16 बालक व 2 बालिकाएं इस तरह कुल 18 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में शामिल हैं। इस तरह 90.83 प्रतिशत बालक और 94.28 प्रतिशत बालिकाओं सहित कुल 92.62 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। जिले के वि.पी. सांईखेड़ा के छात्र ने 485 ने अंक अर्जित कर आठवां और शास.एस.डी.क.उ.मा.वि. नरसिंहपुर की छात्रा माही साहू ने 482 अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया है।

## सर्वोदय विद्यालय की प्रांजल सोनी जिले की टॉप टेन सूची में



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित हुए परीक्षा परिणामों में तेंदूखेड़ा के सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम की कक्षा दसवीं की छात्रा कु प्रांजल सोनी पिता पवन कुमार सोनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 490 अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल करते हुए जिले की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है।


## जया चौरसिया ने विद्यालय में किया प्रथम स्थान प्राप्त

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस घोषित हुए हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित पत्रकार जीवेश चौरसिया की भांजी कु जया चौरसिया ने कक्षा 12वीं में विज्ञान विषय से 500 में 469 अंक सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुरू से ही मेधावी छात्रा जया श्रीमती रंजना चौरसिया नरेश चौरसिया की सुपुत्री है।

## अबीर को दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 92 .2 अंक



**करेली।** विगत दिवस 15 अप्रैल को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा दसवीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। नगर की शिक्षण संस्था के आर वी मैं पढ़ने वाले छात्र अवीर यादव ने 92.2, प्रतिशत अंक प्राप्त से प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। अवीर नगर पालिका में पदस्थ अभिषेक यादव एवं राशी यादव के सुपुत्र हैं। अबीर की सफलता पर उनके शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की हैं।



## आगे पाठ, पीछे सपाट : नरसिंहपुर वन विभाग की कार्यवाही पर उठे गंभीर सवाल

**नवभारत/ गोटेगांव** तहसील के भामा गुर्रा क्षेत्र में वन भूमि पर कब्जे को लेकर वन विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। नरसिंहपुर वन मंडल के अधिकारियों के आदेश पर टीम मौके पर तो पहुंची, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाकर वापस लौट आई।

### क्या है पूरा मामला

पिछले दिनों गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को प्रभावित करने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया था। पार्टी ने वन भूमि पर अवैध रूप से काबिज माफियाओं के खिलाफ आंदोलन छेड़ते हुए प्रशासन पर सख्त कार्रवाई का दबाव बनाया था। स्थानीय लोगों और संगठनों का आरोप है कि लगातार हो रहे अवैध कब्जों से आदिवासी और ग्रामीणों के अधिकारों का हनन हो रहा है, जिसको लेकर क्षेत्र में आक्रोश भी देखा गया।

### मौके पर क्या हुआ

- इसी दबाव के बाद भामा गुर्रा इलाके में वन विभाग की टीम भेजी गई, लेकिन
- न तो किसी अतिक्रमण को हटाया गया
- न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई
- सिर्फ खानापूर्ति कर टीम वापस लौट गई।

### गंभीर सवाल

- वन कर्मियों के इस रवैए से अब कई तरह की शंकाएं जन्म ले रही हैं-
- क्या वन विभाग की टीम जानबूझकर कार्रवाई से बच रही है?
- क्या स्थानीय स्तर पर मिलीभगत के चलते कब्जों को संरक्षण दिया जा रहा है?
- क्या सिर्फ कागजों में कार्रवाई दिखाकर मामले को दबाने की कोशिश हो रही है?

### स्थानीय लोगों का आरोप

- ग्रामीणों का कहना है कि कुछ वन कर्मचारी ही स्थानीय लोगों से मिलकर अवैध कब्जे करवा रहे हैं। शिकायतों के बावजूद सख्त कार्रवाई न होना इस संदेह को और मजबूत करता है।
- पूरा मामला अब वन विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। अगर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो जंगल और सरकारी जमीन पर कब्जों का खेल यूं ही जारी रहेगा।
- अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाता है या फिर यह मामला भी कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

## काशीखैरी की अंशिका लोधी ने जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**डोभी** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है यदि उन्हें उचित माहौल मिल जाये तो उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं ऐसा ही एक उदाहरण डोभी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठित ग्राम काशीखैरी के प्रतिष्ठित रामकुमार लोधी की सुपुत्री अंशिका लोधी ने हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में सर्वाधिक 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान और प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का गौरव बढ़ाया है। छात्रा अंशिका ने अपनी इस सफलता पर अपने गुरुजनों और माता-पिता को श्रेय




देते हुए आगे सांदिपनी स्कूल डोभी से आगे की शिक्षा गणित विषय से करने के साथ वह जेई की तैयारी में जुटेगी ।अंशिका को सांदिपनी स्कूल में विद्यालय परिवार और कलेक्टर रजनी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया है। जिससे पूरे परिवार और गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है।

## सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय साईखेड़ा ने बोर्ड परीक्षा परिणाम

**साईखेड़ा।** सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय साईखेड़ा ने इस वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए नया इतिहास रच दिया है। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 99.03 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं का परिणाम 98.28 प्रतिशत रहा, जो क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विशेष बात यह रही कि दोनों ही कक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासित वातावरण को दर्शाता है। विद्यालय के प्राचार्य श्री चंद्रकांत विश्वकर्मा ने इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

## शासकीय विद्यालयों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**तेंदूखेड़ा** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बुधवार को घोषित किये गये हायर सेकंडरी और हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षाओं में इस वर्ष तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूलों का बेहतर परीक्षा परिणाम रहा है।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड के सबसे बड़े परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। यहां हायर सेकेण्डरी स्कूल में 126 छात्राओं में 121 प्रथम 05 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें प्रिया उपाध्याय ने सर्वाधिक 94 रिचा जैन 90 प्रतीक्षा विश्वकर्मा 90प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।इसी तरह हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 86 छात्राओं में से 76 प्रथम और 09 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

## बी एस एल पब्लिक स्कूल करेली का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

**करेली** बी एस एल पब्लिक स्कूल, करेली का माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम दिनांक 15 अप्रैल को घोषित किया गया। कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान अंशिका गुप्ता ने 90.4% अंक। द्वितीय स्थान एंजलीना शर्मा ने 86.4% तथा तृतीय स्थान वैदिक जैन ने 85.8% अंक प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के बायो स्ट्रीम में प्रथम स्थान प्रासुक जैन ने 69% अंक, द्वितीय स्थान शोएब खान ने 68.2% तथा तृतीय स्थान मोहम्मद यासिर ने 65% अंक प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के कॉमर्स स्ट्रीम में प्रथम स्थान इश्मीत कौर मुटरेजा ने 86%,



द्वितीय स्थान आदर्श पटेल ने 82त्न तथा तृतीय स्थान रिया परिहार ने 80.8% अंक प्राप्त किये। कक्षा 12वीं के एग्रीकल्चर स्ट्रीम में प्रथम स्थान रितिक पटेल ने 94.4% अंक, द्वितीय स्थान शशिकांत कौरव ने 91.4% तथा तृतीय स्थान अभय पटेल ने 89.8% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## जन अभियान ने मनाई डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती

**नवभारत/ गोटेगांव।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से महामानव संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती ठाकुर निरंजनसिंह महाविद्यालय में उत्साह पूर्वक मनाई गई जयंती में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार शरद कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समयव्यक प्रतीक दुबे ने की एवं विशिष्ट अतिथि सीनियर परामर्शदाता महेश पटेल रहे कार्यशाला में सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया एवं पूजन किया गया।

### एक नजर में



## पुलिस की मौजूदगी में 6 दिन बाद निकाला गया मासूम का शव

**नरसिंहपुर।** जगदीश हॉस्पिटल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगा है, जहां इलाज के दौरान तीन साल की बच्ची की मौत हो गई बच्ची के पिता नीलश मिश्रा ने प्रशासन और पुलिस से शिकायत कर मामले में जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, 5 अप्रैल 2026 को बच्ची को हल्का बुखार और सुस्ती की शिकायत पर परिजन शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने सामान्य बीमारी बताकर इलाज शुरू किया, कुछ जांच कराई और बच्ची को भर्ती भी किया गया। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान बच्ची को कई इंजेक्शन लगाए गए और उसी शाम उसे घर भेज दिया गया। अगले दिन 6 अप्रैल को बच्ची की हालत में सुधार नहीं हुआ और उसे फिर अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का कहना है कि बच्ची को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, लेकिन डॉक्टरों ने स्थिति सामान्य बताकर दोबारा घर भेज दिया बाद में बच्ची की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल पर गलत इलाज और लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीएमएचओ, थाना प्रभारी और नरसिंहपुर कलेक्टर से शिकायत की मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में आज 6 दिन बाद बच्ची के शव को मुक्तिधाम से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया। नरसिंहपुर कोतवाली थाना प्रभारी गौरव चाटे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी,फिलहाल मामले की जांच जारी है।।

## समाज सेवा रत्न से सम्मानित हुए जिला अध्यक्ष भगवानदास साहू

**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस दो दिवसीय राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक पचमढ़ी में आयोजित की गई द्व प्रथम दिवस शाम 5=00 बजे मां कर्मा की विशाल शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम में पधारे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष किशोर साहू प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू उपाध्यक्ष ।नर्मदा प्रसाद साहू प्रदेश महामंत्री बाबूलाल जी साहू के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों की उपस्थिति के साथ-साथ अनेक जिलों से पधारे जिला अध्यक्षो। की विशेष उपस्थिति रही। स्वागत की बेला में सभी अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया और इसी क्रम में जिला अध्यक्ष भगवान दास साहू नरसिंहपुर को समाज सेवा रत्न से सम्मानित किया गया साथ ही आरके साहू जिला सचिव एवं गुलाब साहू जिला प्रचार सचिव को भी फूलमाला एवं शिल्ड देकर के सम्मानित किया गया जिला अध्यक्ष भगवानदास साहू ने अपने बताया कि माह अप्रैल में नरसिंहपुर जिले की कार्यकारिणी का गठन के साथ जिला नरसिंहपुर में जिला कार्य समिति का भव्य आयोजन किए जाने का आश्वासन दिया। जिला सचिव। आरके साहू ने समाज के प्रति अपने ।समर्पण भावको दिखाते हुए मेरी मां कर्मा फिल्म के प्रचार प्रसार के लिए उपस्थित कार्य समिति के सभी सदस्यों से विनम्र प्रार्थना करते हुए 15 मुई। को रिलीज होने वाली फिल्म मेरी मां कर्मा के प्रचार प्रसार हेतु अनुरोध किया।

## गोहचर में मनाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती

**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस समीपवर्ती ग्राम पंचायत गोहचर में भारत संविधान के शिल्पकार भारतरत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जन्म जयंती समारोह मणि नागेंद्रसिंहपटेल फाउंडेशन सचिव मा.इं. सरदारसिंह पटेल मा. क्षेत्रीय विधायक महेंद्रनागेश मंडल अध्यक्ष अंजनीदीपक सोनी सरपंच आबिद खान जनपद सीईओ दीक्षाजैन की गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास मय माहौल में धूमधाम से मनाई गई, सर्वप्रथम संविधान के रचयिता बाबा साहबजी की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करने के उपरांत फाउंडेशन सचिव इंजी. सरदार सिंह पटेल क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेशजी ने भारत रत्न श्रद्धेय डॉ. बाबासाहेबजी के बारे में विस्तृत जानकारियां देने के उपरांत पंचायत द्वारा आयोजित ग्रामसभा में जनपद सीईओ दीक्षा ।



## सेन जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा, सेन जागृति संघ समिति की सराहनीय पहल

**नवभारत/** गाडरवारा। नगर में सेन जयंती के अवसर पर सेन जागृति संघ समिति के तत्वावधान में मेधावी छात्र छात्रों का सम्मान मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार नीलम श्रीवास, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा किया गया, भव्य शोभायात्रा आयोजन किया गया शोभायात्रा में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ संत शिरोमणि सेन महाराज के जयकारे लगाए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिसमें सुंदर झांकियां, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल युवक-युवतियों ने आकर्षण का केंद्र बनाया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने संत सेन महाराज के जीवन व उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में गाडरवारा समिति के अध्यक्ष मनोज सराठे समाज के जिला अध्यक्ष अभिषेक सराठे एवं पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## नरसिंहपुर पुलिस की सक्रियता एवं त्वरित कार्यवाही

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** की दोपहर प्रार्थी दुर्गेश पिता दौलत सिंह पटैल, निवासी झिरना रोड महावीर नगर कॉलोनी, थाना कोतवाली नरसिंहपुर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 11-12.04.2026 की दरमियानी रात अज्ञात चोर द्वारा उसके सूने घर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपी द्वारा घर में रखे सोने-चांदी के जेवर एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में सघन पतासाजी की गई सथ ही मुखबिर एवं तकनीकी माध्यमों से जानकारी एकत्रित की गयी इस दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि घटना स्थल के आसपास घटना के समय एक व्यक्ति घूमता देखा गया था जिसकी पहचान की जाकर उसे गिरफ्त में




लिया गया जिससे गहन पूछताछ के दौरान आरोपी डालचंद उर्फ डल्लू पिता चन्नूलाल ठाकुर द्वारा उक्त चोरी की घटना अपने अन्य साथी प्रशांत उर्फ खकूरा यादव पिता राकेश उर्फ गुड्डा यादव निवासी निरंजन वार्ड कोष्टी मोहल्ला, थाना कोतवाली नरसिंहपुर एवं अन्य के साथ करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं एक अन्य आरोपी रमजान खान फरार चल रहा है जिसे जल्द ही गिरफ्त में ले लिया जावेगा। उक्त दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की गयी सोने की अंगूठी, एक जोडी सोने के कान के टाप्स एवं एक सेमसंग कम्पनी की टी.व्ही. जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 47 हजार रूपये का मशरूका बरामद किया गया है। कार्यवाही में सराहनीय भूमिका =- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी, निरीक्षक गौरव चाटे, सउनि. भीम बाक्सर, आरक्षक सौरभ पटेल, आरक्षक अभय तिवारी, आरक्षक नीलेश दुबे, आरक्षक उमेश्वर पाठक, आरक्षक कुलदीप साहू, आरक्षक राहुल दुबे, आरक्षक अनुराग दुबे एवं आरक्षक श्रेय अवस्थी की सराहनीय भूमिका रही है।

## सकल साहू समाज नरसिंहपुर ने स्व .सूरज साहू की माता को हितार्थ राशि 35915 रुपए सौंपी

### डीजे के दुष्प्रभाव के फलस्वरूप हृदयाघात से हो गया था निधन

**नवभारत/नरसिंहपुर।** आज 14 अप्रैल को स्थानीय सकल साहू समाज नरसिंहपुर के युवा पदाधिकारियो ने विगत दिवस बुधवार दिनांक एक अप्रैल को पूर्व पार्षद सूरज साहू, नरसिंहपुर का दुखद निधन डी.जे. के दुष्प्रभाव के फलस्वरूप हृदयाघात से हो गया था। आज सभी ने दिवंगत सूरज साहू पूर्व पार्षद के आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनके निवास पटैल वार्ड स्थित पर सकल साहू समाज उपस्थित हुई। स्व सूरज साहू अपने पीछे सिर्फ अपनी बूढ़ी मां मुन्नी बाई साहू छोड़ गए है; जिनकी आयु लगभग 75 वर्ष हो चुकी है। ज्ञात हो कि स्व सूरज साहू के छोटे भाई कृष्णकांत साहू निधन 2 वर्ष पूर्व हो चुका है। साहू समाज के युवा पदाधिकारियों ने स्थानीय साहू समाज के ग्रुप मां कर्मा देवी आयोजन समिति में एक मुहिम चालू की जिसके परिणाम स्वरूप सभी स्वजातीय बंधुओं ने बढ़चढ़



कर हिस्सा लिया जिसमें सहयोग राशि लगभग 35915 रूपये राशी एकत्रित हुई ।दानवीर भामाशाह से प्रेरित होकर नरसिंहपुर सकल साहू समाज के बंधुओं ने स्व. सूरज साहू को अपनी श्रद्धांजलि देते हुये उनकी माता मुन्नी बाई साहू के पुत्र सूरज के अचानक निधन पर शोक व्यक्त किया व और उनके इस दुख भरे पल में समस्त साहू समाज उनके साथ खड़ी है ऐसा सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर भावनात्मक संबल प्रदान किया ।शोक संतृप्त परिवार हेतु उनके जीवन के कठिनाई को आसान करने के सहयोगी बनकर कुछ राशि संग्रह कर हितार्थ हेतु सूरज की माता मुन्नी बाई के साथ परिवारजनों के सामने सौंपी साथ ही बरगी स्थित वेध बाबू बगीचा के पास निर्मित कॉलोनी में निवासी मोहन प्रसाद साव (बिहार वाले) ने स्वर्गीय सूरज साहू की माता जी की संपूर्ण भरण पोषण की जिम्मेदारी लेने की बात रखी है ।

### श्रद्धांजलि कार्यक्रम

यह बात समस्त परिजनों एवं साहू समाज के सामने रखी गई जिसमें मुन्नी बाई साहू के परिजनों के द्वारा यह बात रखी गई की आपस में चर्चा कर आप सभी को यह सूचना दे दी जावेगी की माता जी का भरण पोषण कौन करेगा कहां होगा । जिसमें स्व: सूरज साहू के श्रद्धांजलि कार्यक्रम के इस अवसर पर अध्यक्ष साहू समाज शांतनु साहू पूर्व अध्यक्ष बंटी मनीष साहू, सरोज - मनोहर सेवा संस्थान के सचिव मयंक मनोहर साहू, उपाध्यक्ष कमलेश्वर साहू, समाजसेवी ईश्वरदास साहू, प्रोफेसर के एल साहू, पूर्व अध्यक्ष चौधरी दीपक साहू सहित समस्त सकल साहू समाज जन व अन्य समाज के प्रबुद्धजन की उपस्थित रही!

## संघर्ष की भट्टी में तपकर कुंदन बना साईखेड़ा का लाल ,पानीपुरी बेचने वाले के बेटे ने प्रदेश की मेरिट में बनाया स्थान

**साईखेड़ा।** हौसले बुलंद हों तो गरीबी सफलता की राह में रोड़ा नहीं बन सकती। इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है साईखेड़ा के एक होनहार छात्र आदित्य जनक सिंह कुशवाहा ने। चैतन्य हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र आदित्य ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी परीक्षा में 500 में से 485 अंक (97त्न)प्राप्त कर न केवल जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है, बल्कि मध्य प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में आठवाँ स्थान पाकर क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन कर दिया है। आदित्य की यह सफलता इसलिए खास है क्योंकि उनका परिवार आर्थिक रूप से बेहद सामान्य है। उनके पिता, श्री जनक सिंह कुशवाहा, साईखेड़ा की सड़कों पर पानी-पुरी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आदित्य केवल किताबी कीड़ा नहीं रहे, बल्कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में अपने पिता का



भरपूर साथ दिया। स्कूल से आने के बाद वे घर पर पानी-पुरी बनाने में मदद करते और शाम को ठेले पर जाकर पिता का हाथ भी बँटाते थे। काम के बीच जब भी समय मिलता, वे अपनी किताबों में खो जाते थे। आदित्य ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के कठिन परिश्रम और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने परीक्षा के सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है। परिणाम घोषित होते ही उनके घर और स्कूल में जश्न का माहौल छा गया।